




नवभारत

भोपाल, बुधवार, 5 जुलाई, 2026


# लाखों के प्लांट बेचकर अपनी जिम्मेदारी भूला कॉलोनाइजर

## नारकीय जीवन जीने को मजबूर केशर विहार के रहवासी, मूलभूत सुविधाओं के नाम पर मिला धोखा



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** तहसील कार्यालय के ठीक सामने स्थित केशर बिहार कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव कॉलोनाइजर की खुली लापरवाही और मनमानी को बयां कर रहा है। सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी के सब्जबाग दिखाकर लाखों रुपये में प्लॉट बेचने के बाद अब कॉलोनाइजर रहवासियों को उनके हाल पर छोड़कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है। पीने के पानी, जल निकासी, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी प्राथमिक जरूरतों के लिए तरस रहे आक्रोशित रहवासियों ने मंगलवार को जहां एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा, तो वही प्रेस वार्ता का आयोजन कर मीडिया के सामने कॉलोनाइजर की कारगुजारियों का पर्दाफाश किया। इस दौरान स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण नालियों का गंदा पानी खाली पड़े भूखंडों में भर रहा है, तो वहीं नालियों में जमा हो जाता है। जिससे पूरी कॉलोनी में बदबू और मच्छर पनप रहे हैं। बारिश और जलजमाव के कारण यहां महामारी फैलने की आशंका बनी हुई है। कहने को तो बिजली के खंभे गाड़ दिए गए हैं, लेकिन उन पर लाइटें न होने के कारण रात होते ही पूरी कॉलोनी अंधेरे में डूब जाती है।

### हैंडओवर के नाम कॉलोनाइजर कर रहा गुमराह, नपा ने दावों को नकारा



जब पीड़ित रहवासियों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर कॉलोनाइजर मुकेश साहू से जवाब मांगा, तो उसने अनर्गल बयानबाजी करते हुए कॉलोनी को नगरपालिका में हैंडओवर करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। हालांकि नगरपालिका प्रशासन ने कॉलोनाइजर के इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि कॉलोनी उन्हें हैंडओवर नहीं की गई है। कॉलोनाइजर और नगरपालिका के इस खींचतान में जहां आम नागरिक पिसने को मजबूर हैं, तो जिम्मेदार मौज कर रहे है।

### कलेक्टर से गुहार, धोखेबाज कॉलोनाइजर पर सख्त कार्रवाई की मांग:

कॉलोनाइजर के इस रवैये और नारकीय जीवन से तंग आकर माधव सिंह रघुवंशी, मुंशीलाल, बाबू सिंह, अवध नारायण और शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में कॉलोनावासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पीड़ितों ने मांग की है कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध न कराने और नागरिकों को गुमराह करने वाले कॉलोनाइजर पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान कराई जाए।

**इनका कहना है।**

*मैं सिर्फ ब्रोकर था, मैंने भी दो प्लांट उस कालोनी में लिये है, मै भी शिकायत करने वाला हूं, जिन लोगों ने प्लांट बैचे है, वह सुरेंद्र जैन और विजय जैन है, जो कि एक दुर्ग छत्तीसगढ़ के निवासी है, तो दूसरे गर्ल्स स्कूल गली निवासी है, मैंने किसी को रजिस्ट्री नहीं कराई है। मैं आपको सबकी रजिस्ट्री उपलब्ध करा दूंगा आप ऑफिस आ जाईये। कहो तो आपको खसरा डाल देता हूं, आफिस में काफी लोग बैठे है, अब आफिस आ जाना सब बता दूंगा।*

**मुकेश साहू,**
**ब्रोकर तथा कॉलोनाइजर अशोकनगर।**



# 26 साल से नाम बदलकर रह रहा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार**

**डॉक्टर सहित स्कूलों में रहा स्पोर्ट्स टीचर**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** नगर में पिछले 26 सालों से नाम बदलकर रह रहे हत्या और कई गंभीर मामलों में दिल्ली कोर्ट से अभिरक्षा से फरार चल रहे आरोपी को दिल्ली से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गई, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा, इस मामले में सबसे गंभीर सवाल यह है की उक्त व्यक्ति पिछले 26 सालों से शहर में रह रहा था और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी, पुलिस में खुलासा हुआ कि उक्त आरोपी अपने नाम और जाति बदलकर रह रहा था आरोपी राजिंदर उर्फ राजेंद्ररा सिंह यादव उर्फ राजेंद्र बारागी पुत्र सूरज मल निवासी गांधी नगर गन्नौर सोनीपत, हरियाणा, वर्तमान पता जेल तालाब रोड मुंगावली आयु 53 वर्ष को रोहिणी न्यायालय द्वारा दिनांक 19.08.2008 को एफआईआर धारा 307/34 आईपीसी, थाना जनक पुरी, दिल्ली में और साथ ही रोहिणी न्यायालय द्वारा दिनांक 29.02.2008 को एफआईआर धारा 307/34 आईपीसी, थाना जनक पुरी, दिल्ली में भगोड़ा घोषित किया गया है। अभियुक्त व्यक्ति अन्य आपराधिक मामलों में भी संलिप्त था वहीं इसके अलावा आरोपी द्वारा नगर के केंद्रीय विद्यालय में सहित अन्य स्कूलों में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में काम कर चुका है, साथ ही वह उसकी पत्नी के स्वास्थ्य विभाग में नर्स है जिसके साथ वह शुरुआत में डॉक्टर का काम भी करता था, इसके अलावा आरोपी कई राज्यों में छिप कर रहा है जिसमें बताया गया है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट में रह चुका है जहां आरोपी के पास महाराष्ट्र में गार्ड का कार्ड मिला है, और वह शहर में काफी लंबे समय शहर में रह रहा था।

### रहने के लिए नाम के साथ बदली जाति:

आरोपी द्वारा शहर में क्राइम को अंजाम देकर छिपने के लिए नगर में चुना जहां आरोपी ने शिवपुरी निवासी ममता नामक लड़की से शादी कर ली जो कि ग्राम माध्युखेड़ी में पदस्थ थी, जहां उसने शुरुआत में डॉक्टरी शुरू कर दी थी आरोपी के एक लड़का और लड़की है, इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि आरोपी ने जहां नाम के साथ-साथ जाति बदल ली और यादव बनकर रह रहा था, जहां आरोपी का असली नाम राजिन्द्र बारगी था तो वही नगर में राजेंद्र यादव के नाम से रह रहा था, अब इस मामले में पुलिस द्वारा आगे जांच करेगी और इतने बड़े आरोपी को किसने पनाह दी और कई मामले की जांच की जाएगी।

**इनका कहना है।**

*उक्त मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, वह कई सालों से नाम और जाति बदलकर रह रहा था, आरोपी को दिल्ली क्राइम ब्रांच ले गई है जहां उस कोर्ट में पेश किया जाएगा, इस मामले के अन्य पहलुओं पर जांच करेंगे।*

**अरबिंद कछुवाह,**
**थाना प्रभारी मुंगावली।**

## एक नजर में

### हरिद्वार से 31 दिनों की पदयात्रा कर गांव पहुंचे कावड़िया विकास रघुवंशी



**अशोकनगर।** हर-हर महादेव के जयकारों के साथ ग्राम पिपरेसरा के निवासी विकास रघुवंशी पिता लखन रघुवंशी ने भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और दृढ़ संकल्प का अद्भुत परिचय दिया है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लगभग 31 दिनों की कठिन पदयात्रा पूरी करने के बाद, वे सोमवार 3 अगस्त को अपने गांव पिपरेसरा पहुंचे। वहां उन्होंने बालाजी स्थान स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपनी कावड़ यात्रा का समापन किया। इस लंबी यात्रा के दौरान उन्हें कई शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मार्ग में स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें डॉक्टरी इलाज लेना पड़ा और ग्लूकोज़ की बोतलें भी चढ़ानी पड़ीं। इसके बावजूद, उन्होंने अपना धैर्य और शिव भक्ति के प्रति विश्वास कम नहीं होने दिया और संकल्प को सफलतापूर्वक पूरा किया। विकास रघुवंशी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और हर्षोल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने उनके इस धार्मिक समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उनकी यह यात्रा समाज के लिए श्रद्धा, भक्ति और अटूट विश्वास का एक प्रेरणादायक संदेश देती है।

### दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मना जश्न

**शाढ़ौरा।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर सोमवार शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी। कार्यक्रम में शाढ़ौरा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुंदौरा ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है और यह आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण संकेत है। उन्होंने दावा किया कि दतिया की जीत से प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव के साथ आगामी लोकसभा चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष बने दिलीप यादव



**शाढ़ौरा।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता दिलीप यादव परवई को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दिलीप यादव के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। भाजपा पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# चंदेरी की आकेत पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, नारकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

## नालियों के अभाव में कीचढ़ में तब्दील हुई सड़के, गांव में नलजल योजना भी पड़ी ठप्प



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत चंदेरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आकेत के रहवासी इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। गांव में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण कीचड़ से भरी सड़कों, ठप पड़ी पेयजल व्यवस्था और जलभराव जैसी समस्याओं से रोज दो-चार होने को मजबूर हैं। अपनी समस्याओं से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार सरपंच और सचिव से मिन्नतें कीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

दरअसल ग्राम आकेत में पक्की सड़कों और जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण न होने से ग्रामीणों का पैदल चलना तक दूभर हो गया है। बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है। नालियों के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है, जिससे पूरे गांव के मुख्य मार्ग कीचड़ के दलदल में तब्दील हो चुके हैं। इस दूषित वातावरण और दुर्गंध के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का खतरा सता रहा है, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रही नल-जल योजना:

शासन-प्रशासन एक तरफ जहां स्वच्छता और घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का ढिंढोरा पीटता है, वहीं आकेत गांव की तस्वीरें इन सरकारी दावों को चिढ़ाती नजर आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में शुरू की गई नल-जल योजना सिर्फ सफेद हाथी साबित हुई है। योजना के शुभारंभ के दौरान नल की टोटियों से कुल जमा 20 दिन ही पानी टपका, जिसके बाद से योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। नल-जल योजना बंद होने से अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं गांव की कीचढ़ युक्त सड़के स्वच्छता अभियान को ढेंका बताती हुई नजर आती है।

# असामाजिक तत्वों पर हो कार्रवाई : विहिप

**विहिप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**गोतस्कारों पर विशेष जोर देने की मांग**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में गो-तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने, बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अराजक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की मांग की है।

ज्ञापन में संवेदनशील मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाकर गोवंश के अवैध परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाने और दोषियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा, कोचिंग सेंटरों के बाहर छुट्टी के समय असामाजिक तत्वों द्वारा किए जाने वाले हुड़दंग पर चिंता जताते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर दिया गया। संगठन ने चंदेरी की घटना के संदर्भ में 8 जून 2026 को दिए गए पूर्व ज्ञापन का उल्लेख करते हुए लंबित कार्रवाई को शीघ्र पूरा करने की बात कही। विहिप-बजरंग दल ने जिले के जिम, फिटनेस क्लब और मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण केंद्रों के नियमित सत्यापन के साथ महिला प्रशिक्षुओं के लिए महिला प्रशिक्षक और पुरुष प्रशिक्षुओं के लिए पुरुष प्रशिक्षक अनिवार्य करने की मांग रखी। साथ ही बहन-बेटियों के साथ धोखाधड़ी और शोषण की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की अपील की। इस दौरान विहिप विभाग सह मंत्री रामवीर सिंह यादव, जिला मंत्री कंछेदी दांगी, डॉ. दशरथ सिंह, अमित पड़रिया, अशोक रघुवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बारिश में सूखने की कगार पर अमाही तालाब

**केवल एक महीने का पानी बचा शेष**

**नपाध्यक्ष ने की जनता से पानी बचाने की अपील**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के मुख्य पेयजल स्रोत अमाही तालाब पर जल संकट का काला साया मंडराने लगा है। तालाब में जलस्तर तेजी से गिरकर महज 07 फीट पर पहुंच गया है। यदि आने वाले दिनों में जोरदार बारिश नहीं हुई, तो शहरवासियों के लिए केवल 01 महीने का ही पानी शेष बचेगा। इस गंभीर परिस्थिति ने पूरे शहर की चिंता बढ़ा दी है।

जल संकट की इस भयावह स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने अमाही तालाब पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। तालाब के घटते जलस्तर और आने वाले खतरे को देखते हुए नपा अध्यक्ष ने ईश्वर से क्षेत्र में शीघ्र और अच्छी वर्षा की प्रार्थना की, ताकि किसानों की फसलों को संबल मिले और शहरवासियों को भीषण पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के बाद नपा अध्यक्ष श्री मानोरिया ने नगर की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि जल है तो जीवन है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस संकट की घड़ी में सहयोग मांगने के साथ पानी का संयमित और जिम्मेदारी से उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोग अपनी जरूरत के अनुसार ही पानी का इस्तेमाल करें और नल को खुला छोड़कर जल की एक भी बूंद व्यर्थ न बहने दें। यदि समय रहते बारिश नहीं हुई और नागरिकों ने जल संरक्षण में सतर्कता नहीं दिखाई, तो आने वाले दिनों में अशोकनगर को एक बड़े जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**ईबादत** | **जत्थे में 22 माह का मासूम भी शामिल**

# चंदेरी से 12 जायरीन का जत्था उमराह के लिए रवाना



**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी से 5 अगस्त को हज-उमराह की मुकद्दस यात्रा के लिए 12 जायरीन का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था 15 दिनों तक मक्का-मदीना में रहकर अल्लाह की इबादत और काबा शरीफ के दीदार का शर्फ हासिल करेगा। इस यात्रा की खास बात 22 माह के मासूम बच्चे अमान खान की मौजूदगी है, जिसे इतनी छोटी सी उम्र में यह मुबारक मौका मिला है।

सुबह शहर में निकाले गए भव्य जुलूस में अकीदतमंदों ने जायरीन का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। इस दौरान पूरा चंदेरी शहर लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदाओं से गूंज उठा।

मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट इदरीस खान पठान, उर्स कमेटी सदर सैयद शाहनवाज हाशमी, हाजी अजीज भाई और एडवोकेट अनीस उल्ला खान सहित शहर के गणमान्य लोगों ने अनीस जमाली के निवास पर पहुंचकर सभी जायरीन को मुबारकबाद दी। एडवोकेट पठान ने जायरीन से शहर व कौम की सलामती के लिए दुआ की गुजारिश की। जत्थे में शफीर अहमद, अलीशा बानो, समीर अहमद, निशी बानो, मासूम अमान अहमद, लाड़ले खान, फरीदा बानो, इशरत मिस्त्री, असद उल्लाह, रजिया बानो और शाकिरा बी शामिल हैं।

# मांगो को लेकर पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा। पांच सूत्रीय मांगों के** समर्थन में शाढ़ौरा तहसील के सभी पटवारियों की अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर पटवारियों ने अपने-अपने हल्कों के बस्ते और रिकॉर्ड कार्यालय में जमा कर कार्य बहिष्कार किया। शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष शुभम रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर सोमवार दोपहर 12 बजे सभी पटवारियों ने अपने हल्कों का रिकॉर्ड कार्यालय में संबंधित कर्मचारी को सौंपकर हड़ताल में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में 2800 ग्रेड-पे प्रदान करना भी शामिल है। पटवारी संघ का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने के कारण हड़ताल का निर्णय लिया गया है। पटवारियों के काम बंद करने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने और किसानों को नामांतरण, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार एवं अन्य समस्याओं के निराकरण में परेशानी आने की आशंका है। तहसीलदार जीएस बैरवा ने बताया कि हड़ताल क के दौरान आवश्यक कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए दो नायब तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों के के सहयोग से जरूरी कार्यों का निराकरण किया जाएगा। प्रशासन ने आवश्यक राजस्व सेवाएं जारी रखने के वे लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।

### 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के दुर्गा नगर कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र पर 2 अगस्त को 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने तनाव और चिंता को नशे की मुख्य वजह बताते हुए कहा कि बीड़ी, सिगरेट, शराब और तंबाकू जैसे अस्थाई तरीके व्यक्ति के सृजन का नहीं, बल्कि पतन का कारण बनते हैं।